हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025

9 लैंडपूलिंग स्कीम के विरोध में राज्यपाल को भेजी आपत्तियां



10 सीएम से मिले नाहरा-नाहरी रोड के दुकानदार



## खबर संक्षेप

### उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक आज

**झज्जर।** शुक्रवार को उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रवर्तन परिमंडल कार्यालय में उपभोक्ता कष्ट निवारण फोरम की बैठक की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि बैठक सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे होगी। जिसमें सब अर्बन सब डिवीजन झज्जर, बादली व माछरौली सब डिवीजन क्षेत्र के उपभोक्ताओं की विभिन्न बिजली एवं बिजली के बिल संबंधी समस्याएं सुनी जाएंगी। जिसकी अध्यक्षता चेयरमैन कार्यकारी अभियंता ऑपरेशन डिवीजन झज्जर करेंगे तथा मौके पर उनका निवारण किया जाएगा।

### पैमाइश नहीं करने पर पटवारी की शिकायत



**बहादुरगढ़।** शहर के जटवाड़ा मोहल्ला निवासी नरेंद्र राठी के अनुसार 20 दिसंबर 2023 को पटवारी से अपनी जमीन की पैमाइश के लिए आवेदन दिया था। लेकिन करीब 2 साल बाद भी उसकी जमीन की पैमाइश नहीं की गई। उसने 16 फरवरी को एसडीएम के समाधान शिविर में इसकी शिकायत की। सीएम विंडो पर भी 28 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई, लेकिन किसी भी स्तर पर समाधान नहीं हुआ। पटवारी द्वारा बताया जाता है कि बहादुरगढ़ का सजरा मौजूद नहीं होने के कारण पैमाइश नहीं हो सकती। उन्होंने जिला उपायुक्त से जमीन की पैमाइश करवाने का आग्रह किया है।

### 11 ग्राम स्मैक सहित युवक गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** पुलिस की अपराध जांच शाखा प्रथम ने बसंत विहार में से एक शख्स को स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हंसराज के रूप में हुई है। आरोपी बहादुरगढ़ का रहने वाला है। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके पास से 11 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उसके खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत सिटी थाने में केस दर्ज हुआ है।

### सांखोल में मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में सड़क पर एक युवक का शव मिला। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। बीमारी या भूख प्यास से मौत होने की आशंका है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने नागरिक अस्पताल में शव रखवाकर पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना बुधवार देर शाम की है। गांव सांखोल में एक टायर की दुकान के सामने युवक बेसुध हालत में पड़ा था। किसी ने नजदीक जाकर देखा तो उसकी सांस थमी हुई थी। पुलिस को सूचना दी गई। सेक्टर-6 थाने से पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव कब्जे में लिया और नागरिक अस्पताल में रखवाया। पुलिस ने आसपास लोगों से पूछताछ की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी और न ही पहचान संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास से नहीं मिले। जांच अधिकारी सुरेंद्र सिंधु का कहना है कि मृतक की उम्र करीब 25 वर्ष आंकी जा रही है। मौत के स्पष्ट कारणों के बारे में अभी कुछ नहीं कहा जा सकता। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हो सकेगा।

### स्कूटी चोरी में मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-6 थाना पुलिस ने स्कूटी चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से चोरीशुदा स्कूटी बरामद की गई है। सेक्टर-6 थाना प्रभारी दीपक के अनुसार, अभिषेक नाम के युवक ने शिकायत दी थी कि उसने एक मई को अपने भाई के स्टॉक पर स्कूटी खड़ी की थी। स्कूटी वहां से चोरी हो गई। मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया गया है। आरोपी की पहचान दीपक निवासी बराही के रूप में हुई है।

---

छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर के लोग 10 दिन से नारकीय जीवन जीने को मजबूर

# गंदे पानी की झील बन गई गलियां, जलभराव कम नहीं हो रहा, मुंगेशपुर ड्रेन अभी भी डरा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

मुंगेशपुर ड्रेन का जलस्तर नीचे जाने का नाम ही नहीं ले रहा। ऐसे में छोटूराम नगर और विवेकानंद नगर में रहने वालों लोगों की परेशानियां कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। निचले इलाकों में दस दिन बाद भी लोग गंदे पानी और दुर्गंध से जंग लड़ रहे हैं। प्रभावित लोगों ने कहा कि कड़ी धूप में दिनभर उमस के बीच गंदे पानी में रहना मुश्किलों भरा हो गया है। बता दें कि ओवरफ्लो होने के कारण मुंगेशपुर ड्रेन 2 सितंबर को बहादुरगढ़ में कई जगह से टूट गई। इस कारण आधुनिक औद्योगिक संपदा (एमआईई) के पार्ट बी में जलभराव हो गया। छोटूराम नगर का एक हिस्सा भी इसकी चपेट में आ गया और विवेकानंद नगर की भी कई गलियां गंदे पानी की झील बन गई। दस दिन बाद भी जलभराव प्रभावित लोग अब भी अनेक मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। ना तो ड्रेन का जलस्तर कम हो रहा है और ना ही उनकी परेशानियां घट रही हैं। अनेक घरों में अब भी गंदा पानी भरा है।

- कड़ी धूप में दिनभर उमस के बीच गंदे पानी में रहना मुश्किलों से भरा हो रहा



बहादुरगढ़। पानी रोकने के लिए मुंगेशपुर ड्रेन के किनारे पर कट्टे लगाते लोग।

### तटबंधों से रिस रहा पानी



### खाना और पानी मुश्किल से मिल पा रहा

मुकेश कुमार, संजीव और गोपाल ने बताया कि उनकी मुश्किलें घटने की बजाय बढ़ती जा रही हैं। बाढ़ सरीखे हालात में खाना और पानी भी मुश्किल से मिल पा रहा है। संध्या, वीणा और विनोद ने बताया कि उनके बच्चे 10 दिनों से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। पता नहीं उनकी पढ़ाई फिर से कब शुरू हो पाएगी। जिन परिवारों में एक ही व्यक्ति कमाई करने वाला है, उसके लिए बड़ी दिक्कत है। कुल मिलाकर अभी इन लोगों की जिंदगी बिल्कुल अस्त-व्यस्त है। इसे पटरी पर लौटने में समय लगेगा।

### सीवर बैक मार रहे

पूर्व पार्षद हरिमोहन धाकरे के अनुसार छोटूराम नगर में स्थिति बेहद चिंताजनक है। फिर से जिंदगी को पटरी पर लाने के लिए सबसे पहले पानी निकलना जरूरी है। लोग दिनभर कीचड़ में से निकलने को मजबूर हैं। बदबू से जीना मुहाल रहता है और ऊपर से दिनभर मच्छर काटते रहते हैं। बीमारियां फैलने का भी डर सता रहा है। पार्षद संदीप दहिया के अनुसार अभी भी ड्रेन ओवरफ्लो है। इस पानी को विवेकानंद नगर की गलियों में घुसने से रोकने के लिए मिट्टी के कट्टे लगाकर रखे हुए हैं। इनकी नियमित तौर पर मॉनिटरिंग करनी पड़ रही है। जहां सीवर लाइन बैक मार रही है, वहां सबसे बड़ी समस्या शौचालयों को लेकर है।

---

एसडीएम ने लडरावण, कुलासी, आसौदा दहकौरा व रोहद में किया निरीक्षण

## फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने में जुटा प्रशासन



बहादुरगढ़। खेतों में भरे पानी का जायजा लेते एसडीएम नसीब कुमार।

**बहादुरगढ़।** एसडीएम नसीब कुमार ने वीरवार को उपमंडल के विभिन्न गांवों का दौरा कर खेतों में हुए जलभराव की स्थिति का जायजा किया। इस दौरान उन्होंने किसानों और सरपंचों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली।

वीरवार को एसडीएम ने लडरावण, कुलासी, आसौदा, दहकौरा व रोहद में जलभराव का जायजा लेते हुए मौके पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को जलनिकासी के दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेतों से पानी की निकासी के लिए तुरंत पंपिंग सेट और अन्य संसाधन लगाए जाएं, ताकि किसानों की फसल को होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि हरियाणा सरकार जलभराव से प्रभावित लोगों की हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है।

### किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे का ब्यौरा दर्ज करवाएं

सरकार के स्तर पर किसानों को राहत प्रदान करने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि किसान क्षतिपूर्ति पोर्टल पर फसल खराबे का ब्यौरा दर्ज कराए ताकि उन्होंने उचित मुआवजा दिया जा सके। एसडीएम के अनुसार जिन इलाकों में जल निकासी की समस्या बार-बार होती है, वहां स्थायी समाधान की दिशा में योजनाएं बनाई जाएंगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि किसी भी परेशानी की सूचना तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएं, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके।

---

## कानोंदा में डंपर ने युवक को कुचला

भाई के साथ टहलने जा रहा था, गांव के जोहड़ के पास हादसा



### डंपर छोड़कर चालक फरार



**बहादुरगढ़।** गांव कानोंदा में वीरवार की सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक डंपर ट्रक ने युवक को कुचल दिया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में सदर थाना पुलिस ने डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। मृतक की पहचान करीब 30 वर्षीय विक्की तंवर के रूप में हुई है। पेशे से प्लंबर विक्की दो बच्चों का पिता था। जानकारी के अनुसार, वीरवार की सुबह वह अपने छोटे भाई के साथ टहलने जा रहा था। करीब छह बजे गांव की फिरनी पर जोहड़ के निकट एक अनियंत्रित डंपर ने उसको रौंद दिया। हादसे के बाद चालक अपने डंपर को मौके पर छोड़कर भाग गया। विक्की को गंभीर चोट आई और उसकी जान चली गई। सूचना पाकर सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। परिजनों के बयान के बाद स्थानीय नागरिक अस्पताल में उसके शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने डंपर कब्जे में ले लिया है। आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### जिले में लोक अदालत कल

**झज्जर।** शनिवार को झज्जर व बहादुरगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए विभिन्न बैंकों, सरकारी विभागों इत्यादि के उच्च अधिकारियों के साथ सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया है। जिसमें आम जनता को अधिकतम छूट एवं वाहन, बिजली निगम, सिंचाई विभाग व पंचायती राज सहित अन्य मामले सुने जाएंगे।

---

## तलाव में किशोर ने फंदा लगाया

■ नशे ने लील ली जिदंगी : बचपन से नाना के पास माछरी में रह रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव तलाव में नशे की हालत में एक किशोर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह परिजनों को उसका शव फंदे पर लटका मिला। मूल रूप से सोनीपत जिले के माछरी गांव से संबंध रखने वाला यह किशोर बचपन से ही अपने नाना के यहां तलाव गांव में रहता था। मामले के जांच अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि परिजनों के अनुसार नशे की लत लग गई थी। वह अक्सर नशे में रहता था। शायद इसी लत के कारण उसने फांसी लगाई है।

### ग्रामीणों ने लगाई नशे पर अंकुश लगाने की गुहार



अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजनों व ग्रामवासियों ने कहा कि आज का युवा वर्ग नशे की चपेट में आ रहा है। शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र में भी नशा पांव पसार रहा है जिसके चलते सैंकड़ों युवाओं की जिदंगी बर्बाद हो रही है। अपना शौक पूरा करने के लिए ये युवा जहां चोरी-चकारी जैसे छोटे अपराधों से भी गुरेज नहीं करते वहीं शौक पूरा न होने के कारण तंग परिस्थितियों में आत्महत्या जैसा कदम तक उठा लेते हैं। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन से गुहार लगाई है कि वे इस मामले में संज्ञान लेते हुए नशे पर अंकुश लगाने के लिए कोई ठोस कदम उठाएं।

---

## जिले में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ तुरंत एक्शन लें अधिकारी : उपायुक्त

**झज्जर।** वीरवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें अवैध कॉलोनियों के खिलाफ अब तक की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध कॉलोनियों को किसी भी सूरत में पनपने ना दिया जाए और सूचना मिलते ही तुरंत एक्शन लेते हुए निर्माण ध्वस्त किया जाए। विभाग को निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी नई कॉलोनी के निर्माण के लिए सरकार द्वारा तय नियमों का सख्ती से पालन किया जाए। उन्होंने कहा कि कॉलोनाइजरों को नियमानुसार लाइसेंस दिया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।




झज्जर। अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

---

ऑनलाइन एप से लोन लेना पड़ा महंगा

## पैसे न देने पर अश्लील वीडियो वायरल

**बहादुरगढ़।** इलाके की निवासी एक महिला को ऑनलाइन लोन एप से रुपये लेना महंगा पड़ गया। शातिरों ने समय से पहले किश्त का दबाव बनाया और रुपये नहीं दिए तो एडिटिंग के जरिये अश्लील फोटो वायरल कर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर मामले में छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, लाइनपार की एक महिला को रुपयों की जरूरत थी। उसने ऑनलाइन लोन देने वाली एक एप्लीकेशन पर अप्लाई किया।

### 4000 हजार का लोन अप्लाई किया था, मिले मात्र 2200 रुपये

गत चार सितंबर को कुल चार हजार रुपये का लोन अप्लाई किया और उसे महज 2200 रुपये ही मिले। वीरवार 11 सितंबर को किश्त जमा करानी थी। आरोप है कि दो दिन पहले ही उसके पास दो नंबरों से धमकी भरी कॉल आई और रुपयों का दबाव बनाने लगे। इतना ही नहीं, शातिरों ने अश्लील फोटो बनाकर वायरल की और ब्लैकमेल करने लगे। बता दें कि इंटरनेट पर बहुत सी ऐसी एप व वेबसाइट हैं, जो चंद मिनटों में लोन देने का दावा करती हैं। कुछ शातिरों ने ये खेल शुरू कर रखा है। ये लोन के नाम पर लोगों से दस्तावेज ले लेते हैं और उनसे फोन में एप्लीकेशन डाउनलोड कराते हैं। एप डाउनलोड होते ही मोबाइल धारक के कांटेक्ट नंबर में सेंध लगा देते हैं। महज कुछ रुपये का लोन देते हैं और फिर किश्त का दबाव बनाने लगते हैं। यदि कोई रुपये नहीं देता तो उसके कांटेक्ट सूची के नंबरों पर एडिटिंग के जरिये अश्लील फोटो बनाकर भेज देते हैं।

---

## शार्ट सर्किट से कमरे में आग लगी, जिंदा जला व्यक्ति, प्लाट में अकेला सो रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

क्षेत्र के गांव खानपुर कलां में शार्ट सर्किट से लगी आग में झुलसने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। सुबह परिजन जब प्लाट में पहुंचे तो उन्हें घटना का पता चला। मृतक की पहचान करीब 52 वर्षीय अजीत सिंह के तौर पर हुई है। जानकारी के अनुसार अजीत सिंह अपने प्लाट में रहता था और पशुओं की देखभाल करता था। बुधवार की रात भी वह प्लाट में ही सोया हुआ था। सुबह परिजन जब पशुओं को देखने पहुंचे तो कमरे का सामान जला हुआ मिला और चारपाई पर अजीत सिंह का झुलसा हुआ शव पड़ा था। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से जानकारी जुटाते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया।



झज्जर। पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

### पुलिस ने पोस्टमार्ट के बाद शव परिजनों को सौंपा

मामले के जांच अधिकारी योगेश ने बताया कि मृतक के पुत्र नसीब के बयान के आधार पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस द्वारा इस संबंध में नियमानुसार आगामी कार्यवाई अमल में लाई जा रही है।



---

*मुख्य बाजारों व संवेदनशील क्षेत्रों को पुलिस की टीम ने खंगाला*

## पुलिस व रैपिड एक्शन फोर्स ने शहर में निकाला रूट मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को जिला पुलिस और रैपिड एक्शन फोर्स ने संयुक्त रूप से रूट मार्च निकाला। नई दिल्ली से आई रैपिड एक्शन फोर्स की सी 194 की टीम ने कमांडेंट किशोर कुमार के निर्देशन में तथा सहायक कमांडेंट राजेश कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस के साथ मिलकर आयोजित किया। रूट मार्च शहर और कस्बे के विभिन्न थाना क्षेत्रों में निकाला गया।

### अपराधों पर कसेंगे नकेल

इस दौरान पुलिस व आरएएफ जवानों ने मुख्य बाजारों, भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर पहुंचकर मौजूदा स्थिति का जायजा लिया। प्रवक्ता ने बताया कि रूट मार्च का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं आमजनमानस में सौहार्द का वातावरण बनाए रखना है। इस मौके पर दुजाना थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राकेश कुमार, बेरी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सातीश कुमार भी अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना पुलिस को दें।




झज्जर। रूट मार्च के उपरांत उपस्थित पुलिस और आरएएफ की टीम।

**खबर संक्षेप**

## सुनील कड़ौधा बने युवा इनेलो हलकाध्यक्ष



**झज्जर।** सुनील कड़ौधा को इंडियन नेशनल लोकदल का हलकाध्यक्ष बनाया गया है। इस नियुक्ति पर सुनील कड़ौधा ने इनेलो सुप्रीमो अभय चौटाला, प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा, युवा राष्ट्रीय प्रभारी करण चौटाला सहित अन्य शीर्ष नेताओं का आभार जताते हुए कहा कि पार्टी ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है वे उसने निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वे पार्टी की मजबूती के लिए गांवों में दौरा करते हुए युवाओं को पार्टी की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करेंगे।

## महासचिव बने संजीत कबलाना, जताया आभार



**झज्जर।** कांग्रेस पार्टी ने सामाजिक कार्यकर्ता संजीत कबलाना को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग का महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर संजीत कबलाना ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा, विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम और प्रदेश अध्यक्ष मनोज बागड़ी आभार जताते हुए कहा कि वे अपने पद को ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

### लैंडपूलिंग स्कीम के विरोध में राज्यपाल को भेजी आपत्तियां

# किसानों ने पैदल मार्च निकाला और तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

पिछले पांच साल में बड़े नेताओं और मंत्रियों ने जमीन खरीद-फरोख्त कर व्यावसायिक सौदे किए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। ज्ञापन सौंपने के बाद नारेबाजी करते किसान संगठनों के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

आईएमटी खरखौदा के फेज-टू के लिए किसानों ने 5800 एकड़ उपजाऊ भूमि पर प्रस्तावित लैंडपूलिंग स्कीम को खारिज करते हुए इसका विरोध जताया है। शुक्रवार को किसान प्रतिनिधियों ने एसडीएम कार्यालय के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष को लिखित आपत्तियां प्रेषित कीं।

कामरेड हंसराज राणा के आह्वान पर किसानों ने पैदल मार्च निकाला और नारेबाजी करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। जोगेंद्र छिकारा, डॉ. शमशेर सिंह, धर्मप्रकाश दहिया, वेदप्रकाश ढुल, वजीर राठी, रणधीर छिल्लर आदि किसानों ने आरोप लगाया कि यह योजना संविधान प्रदत्त निजी संपत्ति के अधिकार और भूमि अधिग्रहण संशोधित कानून 2013 का सीधा उल्लंघन है।

किसानों ने चेताया कि 11 गांवों की आबादी को एनसीआर में सबसे बड़े विस्थापन और पलायन के लिए मजबूर किया जा रहा है। गत रविवार को हुई संयुक्त किसान पंचायत में भी 6 प्रस्ताव पारित कर इस योजना का विरोध दर्ज कराया गया था। उनके अनुसार विकास में ग्रामीणों को भागीदार बनाने की बजाय उन्हें उजाड़ने की तैयारी हो रही है। पिछले पांच साल में बड़े नेताओं और मंत्रियों ने जमीन खरीद-फरोख्त कर व्यावसायिक सौदे किए हैं।

उन्होंने इस पूरी प्रक्रिया की सीबीआई जांच की मांग की। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार इस काले लैंडपूलिंग कानून को वापस नहीं लेती तो वे अनिश्चितकालीन धरना और औद्योगिक प्रतिष्ठानों पर आंदोलन शुरू करने को विवश होंगे।



झज्जर। मीटिंग के दौरान उपस्थित रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## लंबित मांगों को लेकर जंतर-मंतर पर धरना देंगे रिटायर्ड कर्मचारी

- जिला प्रधान दिलबाग दलाल की अध्यक्षता में जलघर परिसर में बैठक का आयोजन
- बैठक में बाढ़ राहत कोष में चंदा एकत्रित करने पर सहमति बनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

अपनी लंबित मांगों को मनवाने के लिए रिटायर्ड कर्मचारी आगामी 17 सितंबर को दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना देंगे। धरने को सफल बनाने के लिए वीरवार को रिटायर्ड कर्मचारी संघ द्वारा मीटिंग का आयोजन किया गया। पुराना जलघर परिसर में हुई मीटिंग की अध्यक्षता जिला प्रधान दिलबाग दलाल ने की जबकि संचालन जिला सचिव देवेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया। मीटिंग में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान बाढ़ राहत कोष में चंदा एकत्रित करने पर भी सहमति बनी। रिटायर्ड कर्मचारियों ने कहा कि वे भी किसान परिवारों से हैं तथा उनकी समस्या को समझते हैं। उन्होंने सरकार द्वारा पारित किए पेंशन विधेयक का भी विरोध जताया।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर मास्टर बलबीर सिंह यादव, मास्टर बलबीर कौर, रामेश्वर, मास्टर रमेश जाखड़, मास्टर राजवीर राहड, धर्मपाल अहलावत, नाहर सिंह यादव, ओमप्रकाश, सुरेश शर्मा, राम सिंह सुहाग, मास्टर फूल कुमार, रणवीर दलाल, रोहतास सिंह, जगमाल यादव, वीरभान राठी, कंवल सिंह, सूरजवीर, विष्णु जांगड़ा, राजेंद्र प्रसाद, मुकेश शर्मा, भूरे राम, महावीर सिंह, राजेंद्र, जयकरण, जगत नारायण, जयवीर सोलंकी, अतर सिंह, मास्टर कर्मवीर सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## सेक्टर-2 में चल रही है श्रीमद्भागवत कथा

**बहादुरगढ़।** ब्रह्म समाज सेवा समिति द्वारा सेक्टर-2 में भगवान परशुराम ब्राह्मण धर्मशाला में 7 सितंबर से 13 सितंबर तक संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कथा के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर अमृतमयी कथा का श्रवण कर रहे हैं और दिव्य भक्ति रस का आनंद ले रहे हैं।

कथा व्यास श्री श्री 108 स्वामी श्री राजदास जी महाराज कथा सुना रहे हैं। कथा के प्रत्येक प्रसंग में भक्ति, ज्ञान और जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला संदेश समाहित है। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्तों की कथाओं और धर्म की महिमा का वर्णन करते हुए यह कथा श्रोताओं को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर भक्ति और सेवा भाव से जीवन जीने की प्रेरणा देती है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी श्रोता भक्ति भाव में सराबोर होकर कथा व्यास के प्रवचनों से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त कर रहे हैं।

# विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी

- हिमालय हाई स्कूल में सेवा संबोधन दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्पित करते हुए डॉक्टर ज्योति एवं अन्य।

राय साहब पंडित बसंत लाल एजुकेशन सोसायटी द्वारा संचालित हिमालय हाई स्कूल में वीरवार को सेवा भारती संस्था की ओर से सेवा संबोधन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित नेहा गुलिया ने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन और विचारों से अवगत कराया।

उन्होंने नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छ शहर, स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की जानकारी देते हुए उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। इस दौरान विशेष रूप से उपस्थित डॉक्टर ज्योति ने बताया कि 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में अपने संबोधन से पूरे विश्व को भारतीय संस्कृति और विश्व बंधुत्व का संदेश दिया था। यही कारण है कि इस दिन को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में भी मनाया जाता है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में स्कूल निदेशक पंडित दीपक कश्यप, प्राचार्या लीला देवी, कृष्णा, जितेंद्र, मंजू भारद्वाज, कमलेश, सोनिया व सरोज सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

*मारुति सुजुकी इंडिया ने लिया साक्षात्कार*

# आईटीआई गुढ़ा में मिला 20 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। साक्षात्कार में चयनित विद्यार्थियों के साथ संस्थान की टीम। फोटो : हरिभूमि

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झज्जर एट गुढ़ा के प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी जीतपाल ने बताया कि संस्थान के प्रांगण में वीरवार को मारुति सुजुकी इंडिया द्वारा लिए गए साक्षात्कार में चयनित 20 विद्यार्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किए गए।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी प्रशिक्षण के बाद वास्तविक कार्य अनुभव का अवसर प्रदान करना और उन्हें रोजगार से जोड़ना है। इस विशेष साक्षात्कार में इलेक्ट्रीशियन, मैकेनिक ट्रैक्टर, मैकेनिक डीजल, वेल्डर तथा फिटर व्यवसायों के छात्रों का चयन किया गया। वहीं जिला रोजगार अधिकारी डॉक्टर नीलम हुड्डा ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रतिष्ठित कंपनी ऐसे प्रतिभाशाली युवाओं को कार्यस्थल पर प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें भविष्य के लिए तैयार कर रही है।

इस मौके पर वर्ग अनुदेशक रमेश कुमार, पवन कुमार, देशपाल सहित स्टॉफ के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

# नप कर्मचारी संघ ने सौंपा विधायक को ज्ञापन

- छंटनीग्रस्त 3480 कर्मचारियों की बहाली की मांग रखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून को ज्ञापन पत्र सौंपते कर्मचारी नेता।

नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के बैनर तले कर्मचारी नेताओं ने विधायक राजेश जून को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस दौरान उन्होंने विधायक राजेश जून को अवगत कराया कि पिछले कई वर्षों से लगातार आंदोलनों और सैकड़ों ज्ञापन देने के बावजूद सरकार ने उनकी मांगों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है।

राजेंद्र तूषामड़, राजपाल समेत अन्य कर्मचारियों ने बताया कि सफाई व सीवर कर्मचारियों की ठेका प्रथा समाप्त कर पक्की भर्ती होनी चाहिए। समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन बहाली, छंटनीग्रस्त 3480 कर्मचारियों की बहाली, हड़ताल अवधि का वेतन, जोखिम भत्ता 5 हजार रुपए मासिक, 27 हजार रुपए न्यूनतम वेतन, ग्रुप-सी और ग्रुप-डी के पद सृजन, फायर विभाग के कर्मचारियों का नियमितीकरण और अनुबंधित कर्मचारियों को ग्रेच्युटी व आवासीय प्लॉट देने सहित कुल 21 मांग है। विधायक राजेश जून ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के समक्ष रखा जाएगा और समाधान के लिए पूरा प्रयास किया जाएगा।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित क्विज के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जूनियर क्विज प्रतियोगिता में एचडी विद्यालय की टीम रही प्रथम

**झज्जर।** वीरवार को घोषित एचडीएफसी एर्गो जूनियर क्विज के परिणामों में एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास की टीम ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। एनटीएसई विशेषज्ञ आशीष कुमार ने बताया कि क्विज में प्रदेश भर की करीब एक हजार टीमों ने भाग लिया। जिनमें से उनके संस्थान की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि में नौवीं के रियांश गर्ग व आठवीं कक्षा की छात्रा चार्वी का सराहनीय योगदान रहा। अब विजेता टीम सदस्य जोनल राउंड में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस सफलता पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाले शिक्षक आशीष कुमार, विवेक जाखड़ और सुरेंद्र सुहाग को बधाई देते हुए विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मंचासीन मुख्य वक्ता एवं पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## सेवा पखवाड़ा जनसेवा और समाजसेवा का अद्भुत संगम

**झज्जर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर महात्मा गांधी जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों को लेकर वीरवार को स्थानीय पार्टी कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रवीन जैन ने शिरकत की। जबकि जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमेन कप्तान बिरधान, दिनेश कौशिक विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इस दौरान अपने संबोधन में वक्ताओं ने कहा कि सेवा पखवाड़ा सिर्फ एक राजनीतिक अभियान नहीं, बल्कि जनसेवा और समाजसेवा का अद्भुत संगम है। वहीं जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यकर्ताओं को समाज में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने और सेवा भाव से जनता तक पहुंचने का अवसर देता है। हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प सेवा ही संगठन को जीवन में उतारना है।

## बाल श्रम करते तीन बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति को सौंपा

- किसी भी बच्चे को काम पर लगाने की बजाय उन्हें स्कूल भेजे

**झज्जर।** मानव तस्करी विरोधी इकाई तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था सदस्यों द्वारा स्थानीय भगत सिंह चौक से पुरानी तहसील मार्ग का निरीक्षण करते हुए वहां दुकानों पर बाल श्रम करते हुए तीन बच्चों को रेस्क्यू कराकर उन्हें बाल कल्याण समिति में पेश किया गया ताकि उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। अभियान के अंतर्गत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के उपनिरीक्षक अमित ढाका, सहायक उपनिरीक्षक विनोद कुमार, सहायक उपनिरीक्षक संदीप कुमार, सहायक उपनिरीक्षक अजय कुमार व एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक मनोज कुमार,वीएसी कर्मजीत छिल्लर शामिल रहे। स्टेट क्राइम ब्रांच उपनिरीक्षक अमित कुमार ढाका ने कहा कि वे अलग-अलग विभागों और संस्थाओं के साथ मिलकर बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ जागरुकता अभियान चला रहे हैं। उनके द्वारा दुकानदारों व फैक्ट्री मालिकों से भी अपील की जा रही है कि वे किसी भी बच्चे को काम पर लगाने की बजाय उन्हें स्कूल भेजें।

**कार्यशाला** रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी ने जानकारी दी

# कार्यशाला में शिक्षकों को किया आत्मचिंतन के लिए प्रेरित



झज्जर। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

- कार्यशाला का शुभारंभ एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा और हेमंत गुलिया ने किया

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में वीरवार को कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। मूल्य शिक्षा विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में सभी अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा और हेमंत गुलिया ने किया। विद्यालय की रिसोर्स पर्सन नीलम कुमारी ने मूल्य शिक्षा पर विस्तृत जानकारी दी और सरल भाषा में इसके विभिन्न पहलुओं को समझाया। उन्होंने ध्यान मुद्रा सत्र के माध्यम से अध्यापकों को आत्मचिंतन के लिए प्रेरित किया और दिनभर की गतिविधियों को आत्मविश्लेषण की दृष्टि से देखने का आग्रह किया। कार्यशाला को रोचक बनाने के लिए विभिन्न मनोरंजनात्मक गतिविधियां भी करवाई गईं।

एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सीबीएसई ने अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम शुरू किया है ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक शिक्षा दी जा सके। इस मौके पर एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों ने शिक्षकों को वेल्यू एजुकेशन को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया।

**सूचना**

मैं, शिवनारायण पुत्र श्री नंदकिशोर निवासी मकान नंबर-662,गली नंबर-7, वार्ड नंबर-3, नजदीक रेलवे स्टेशन, लाइनपार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शिवराज, पौत्र अर्जुन व पौत्रवधु अंजली मेरे कहने सुनने से बाहर हैं और मैं उनसे अपने तमाम संबंध समाप्त करते हुए अपनी चल-अचल संपति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके साथ किसी तरह का लेन-देन करने व व्यवहार रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। वे अपने प्रत्येक कार्य के लिए स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरा व मेरे परिवार के सदस्यों का उनसे कोई संबंध व सरोकार नहीं रहा।

**सूचना**

मैं, श्रीमति कमलेश पत्नी जयभगवान निवासी मकान नंबर 382, प्रेम नगर, खुबराम पार्क, ब्लॉक बी, किरारी सुलेमान, सुल्तानपुरी सी ब्लॉक, नोर्थ वेस्ट, दिल्ली, दिल्ली-10086 बयान करती हूं कि मेरा पुत्र दीपक मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, महाराज सिंह पुत्र श्री नथू राम निवासी मकान नंबर 329/25, जटवाडा मौहल्ला, बहादुरगढ़, जिला झज्जर, हरियाणा-124507 बयान करता हूं कि मेरा पुत्र राहुल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सुश्री हिमानी (पुत्री) पुत्र/पति/पत्नी श्री सतीश निवासी जटवाड़ा मौहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नंबर 3BMDL8K3 वार्ड नंबर 18 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 30 से 29 वर्ग गज करवाने हेतू ऑनलाइन एप्लीकेशन नम्बर 0185469584 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर 3BMDL8K3 वार्ड नंबर 16 कॉलोनी जटवाड़ा मौहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3BMDL8K3, 29 वर्ग गज प्रार्थी सुश्री हिमानी (पुत्री) पुत्री पुत्र/पति/पत्नी सतीश के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नेहा खुराना (पत्नी), सरिता रानी (माता), तेजस खुराना (पुत्र) दीपक खुराना निवासी गांधी चौक, झील मोहल्ला, बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नंबर 3BYNDWK3 वार्ड नंबर 24 कॉलोनी झील मेहल्ला जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 83.50 से 84.80 वर्ग गज करवाने हेतू ऑनलाइन एप्लीकेशन नंबर 0187078010 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर 3BYNDWK3 वार्ड नंबर 24 कॉलोनी झील मोहल्ला पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3BYNDWK3 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमती नेहा खुराना (पत्नी), श्रीमती सरिता रानी (माता), तेजस खुराना (पुत्र) दीपक खुराना के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

**कार्यालय नगर परिषद बहादुरगढ़**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती आशा रानी (पत्नी), लीना शर्मा (पुत्री), विशाल शर्मा (पुत्र) स्व. सुरेश कुमार शर्मा निवासी पालिका कॉलोनी, किला मोहल्ला बहादुरगढ़ द्वारा ऑनलाइन एनडीसी पोर्टल पर प्रॉपर्टी आईडी नंबर 3BMIVWMO वार्ड नंबर 15 कॉलोनी पालिका कॉलोनी जो कि नगर परिषद बहादुरगढ़ में नाम का कॉलम रिक्त है में नाम दर्ज व वर्ग गज 100.80 से 101.89 वर्ग गज करवाने हेतू ऑनलाइन एप्लीकेशन नम्बर 0184292965 द्वारा अप्लाई किया है।
अतः आम व खास को इस नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उक्त संपति नंबर 3BMIVWMO वार्ड नंबर 15 कॉलोनी पालिका कॉलोनी पर यदि कोई अन्य हकदार है या उक्त संपति पर किसी को कोई आपत्ति है तो वह सुबूतों सहित इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिन के अंदर-अंदर नगर परिषद बहादुरगढ़ कार्यालय में आकर अपना दावा पेश करें। अन्यथा इस नोटिस का समय समाप्त होने पर यह संपत्ति नंबर 3BMIVWMO, 101.89 वर्ग गज प्रार्थी श्रीमती आशा रानी (पत्नी), लीना शर्मा (पुत्री), विशाल शर्मा (पुत्र) स्व. सुरेश कुमार शर्मा के नाम से नगर परिषद बहादुरगढ़ के रिकार्ड में दर्ज कर दी जाएगी। जिसमें नगर परिषद बहादुरगढ़ की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
हस्ता/-कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद बहादुरगढ़।

## खबर संक्षेप

### जिला कारागार में स्वास्थ्य जांच शिविर आज

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि शुक्रवार को जिला कारागार परिसर में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम कैदियों व बंदियों के स्वास्थ्य की जांच करेंगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जांच शिविर में मनोवैज्ञानिक, दंत चिकित्सक, नेत्र रोग विशेषज्ञ आदि चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी।

### सीवर समस्या का नहीं हो रहा समाधान

**बहादुरगढ़।** शहर की बदहाल सीवर व्यवस्था से हर वर्ग परेशान है। शास्त्री नगर की गली नंबर-1, 2 व 3 में भी सीवर लाइन ब्लॉक पड़ी है। स्थानीय निवासी बिजेंद्र राठी के अनुसार सीवर समस्या को लेकर कई बार लिखित शिकायत देने के बावजूद समाधान नहीं हो रहा। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने कहा कि बहादुरगढ़ में सीवर व्यवस्था को लेकर सरकार की सबसे ज्यादा किरकिरी हो रही है। समाधान करने की बजाय लोगों को झूठे आश्वासन देने वाले संबंधित अधिकारी जिम्मेदार हैं। इसे लेकर जल्द सीएम से शिकायत करेंगे।

## सीएम विंडो, जन संवाद पोर्टल व समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा की

# डीसी ने विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर गंभीरता से कार्य करने के दिए दिशा-निर्देश

**लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी: उपायुक्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

जिले के विकास से जुड़े प्रोजेक्ट्स को लेकर अधिकारी गंभीरता से कार्य करें। विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी जनता के साथ बेहतर व्यवहार करें व विधि के अनुसार निर्धारित समय अवधि में लोगों के सरकारी कार्य पूरा करें। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने वीरवार को वीसी उपरांत सीएम विंडो, जन संवाद पोर्टल व समाधान शिविर की शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं होगी।

इस दौरान उन्होंने सीएम विंडो, जन संवाद पोर्टल और समाधान शिविर की शिकायतों की विस्तार से समीक्षा की।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल। फोटो: हरिभूमि



बहादुरगढ़। शिविर में समस्याएं सुनते एसडीएम नसीब कुमार।

### एसडीएम ने शिविर में समस्याएं सुन किया समाधान

**बहादुरगढ़।** उपमंडल अधिकारी (नागरिक) नसीब कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए। एसडीएम ने स्पष्ट कहा कि जनहित के कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके अनुसार जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही सरकार की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध ढंग से शिकायतों का निपटारा करें ताकि आमजन को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। इस अवसर पर तहसीलदार सुदेश गौतम समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## समाधान शिविर में दस शिकायतें हुई दर्ज डीसी ने जल्द समाधान के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने नागरिकों की समस्याओं को सुना और उनके जल्द समाधान को लेकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। शिविर में कुल दस शिकायतें दर्ज की गई। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का समाधान तय समय-सीमा में किया जाए और कार्यवाई की रिपोर्ट तुरंत प्रस्तुत की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



झज्जर। समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।



बहादुरगढ़। सीएम से शिकायत करते नाहरा–नाहरी रोड के दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

### सीएम से मिले नाहरा-नाहरी रोड के दुकानदार

**बहादुरगढ़।** शहर के नाहरा-नाहरी रोड पर बनी नगर परिषद के दुकानदार मुख्यमंत्री शहरी निकाय स्वामित्व योजना के लाभ से वंचित हैं। प्रभावित दुकानदार एक बार फिर भाजपा नेता जसबीर सैनी के साथ गुरुग्राम में मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिले। दुकानदारों ने सीएम को बताया कि अधिकतर दुकानदारों को नगर परिषद द्वारा योजना के तहत मालिकाना हक दिया जा चुका है। नाहरा-नाहरी रोड के दुकानदारों के साथ पक्षपात हो रहा है। यह जमीन शिक्षा विभाग की बताई जा रही है। ऐसे में दुकानदार अधिकारियों के चक्कर काट कर थक चुके हैं।



बहादुरगढ़। बेटी के जन्म पर सांखोल में कराया जा रहा कुआं पूजन। फोटो: हरिभूमि

### कुआं पूजन कर मनाई बेटी के जन्म की खुशी

**बहादुरगढ़।** गांव सांखोल में बेटी के जन्म की खुशी कुआं पूजन करके मनाई गई। वे तमाम रीति रस्में हुई, जो बेटे के जन्म पर निभाई जाती हैं। महिलाओं ने गीत गाए तो बुजुर्गों ने नवजात कन्या व उसकी मां का आशीर्वाद दिया। बीते दिनों गांव सांखोल के निवासी जगबीर अहलावत के यहां बच्चे की किलकारियां गूंजी थी। उनकी पुत्रवधु कविता पत्नी प्रीतम ने संतान के रूप में बेटी को जन्म दिया। परिवार ने कुआं पूजन का आयोजन किया। परदादी सावित्री देवी, दादा जगबीर सिंह, दादी अनीता देवी के साथ पिता प्रीतम ने कहा कि बेटा-बेटी एक समान हैं। वे बहुत खुशनसीब हैं कि उनके यहां कन्या ने जन्म लिया। वे अपनी बेटी को जीवन में आगे बढ़ने के तमाम अवसर देंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सावित्री देवी, रजनेश, सरला, शशि, सुनीता, कविता, सुमन, सीमा, सुशीला, राजवती, राजेश आदि ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया।



बहादुरगढ़। छात्राओं को जागरूक करती पुलिस टीम। फोटो: हरिभूमि

## छात्राओं को जागरूक करने के साथ मनचलों को लगाई फटकार

**बहादुरगढ़।** महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए पुलिस ने शिक्षण संस्थानों, बस स्टैंड और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर मनचलों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष टीम गठित की हैं। टीमों ने वीरवार को बहादुरगढ़ के स्कूलों और कॉलेजों के बाहर बेवजह घूमने वाले युवकों को पकड़ा तथा चेतावनी दी। टीम का नेतृत्व एएसआई पूनम कर रही थीं। उन्होंने कहा कि पुलिस को शिकायतें मिल रही थीं कि स्कूल-कॉलेजों के बाहर कुछ युवक छात्राओं से छेड़छाड़ करते हैं, जिससे महिलाओं और लड़कियों को परेशानी होती है। इसी के मद्देनजर कार्रवाई करते हुए कुछ युवकों को रोका और सख्ती से समझाया। एएसआई पूनम ने कहा कि अगर कोई व्यक्ति किसी महिला या छात्रा को परेशान करता है, तो पीड़ित या परिजन सीधे डायल-112 तथा नजदीकी थाने में सूचना दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आज केवल समझाया गया है, लेकिन भविष्य में छींटाकशी या छेड़छाड़ जैसी हरकत करने वालों को थाने ले जाकर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## कॉलेज में हुए खोज कार्यक्रम में दिखी छात्रों की प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। हरियाणवी नृत्य प्रस्तुत करती एक छात्रा, युग्ल नृत्य करते छात्र व छात्रा तथा एक नाटक का मंचन करते विद्यार्थी।

राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में प्राचार्य दलबीर सिंह की अध्यक्षता में दो दिवसीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का वीरवार को समापन हो गया। दूसरे दिन भजन, गीत, तबला वादन, नृत्य, समूह नृत्य तथा हरियाणवी नाटक आदि गतिविधियां हुई। उन्होंने सभी गतिविधियों में विजेता छात्र व छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य दलबीर सिंह ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र पुस्तक ज्ञान देना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में विभिन्न प्रकार की योग्यताएं बढ़ाना है। मंच संचालन डॉ. मंजू दलाल ने किया।

कार्यक्रम प्रभारी किरण बाला ने कहा कि कला हमारी संस्कृति की पहचान है। इससे जुड़कर विद्यार्थी संस्कारी बनते हैं और जीवन मूल्यों को समझते हैं। रंगोली में प्रथम खुशी, द्वितीय अंजलि व संजना तथा तृतीय खुशबू, मुस्कान व अंशी रही। मेहंदी लगाने में खुशी प्रथम, डिंपी व नेहा द्वितीय, मुस्कान व संजना तृतीय रही। क्ले मॉडलिंग में संजना प्रथम, मुस्कान द्वितीय और मनीषा तृतीय रही। पोस्टर मेकिंग में योगेश प्रथम, रिशु, अंशी, ललित द्वितीय तथा काजल तृतीय रही। कविता पाठ (हिंदी) में सुभिक्षा प्रथम, अंश द्वितीय और दीपिका तृतीय रही।

हरियाणवी कविता पाठ में प्रथम पुरस्कार वैष्णवी, द्वितीय पुरस्कार महक और तृतीया पुरस्कार मीनाक्षी को मिला। भाषण में प्रथम दीपिका, द्वितीय केशव जांगड़ा, तृतीय संजना रही। अंग्रेजी भाषण में दीपिका पहले, संजना दूसरे व वैष्णवी तीसरे नंबर पर रही।

अंग्रेजी कविता में प्रथम दीपिका और द्वितीय वैष्णवी रही। संस्कृत श्लोक उच्चारण में प्रथम पुरस्कार रमनदीप, द्वितीय पुरस्कार नेहा और तृतीय पुरस्कार रितु सबरवाल को मिला। संस्कृत भाषण में नेहा प्रथम, रितु सबरवाल द्वितीय और कामिनी तृतीय रही।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते फाउंडेशन स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

### फाउंडेशन स्कूल में मनाया दादा-दादी दिवस

**बहादुरगढ़।** फाउंडेशन पब्लिक स्कूल में वीरवार को दादा-दादी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रार्थना सभा से हुआ। कक्षा पहली के विद्यार्थियों द्वारा कविताएं, गीत, नृत्य तथा नाटिकाएं आदि मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपने दादा-दादी के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को भावविभोर कर दिया। प्राचार्या मोनिका राठी ने कहा कि दादा-दादी हमारे जीवन की जड़ों के समान हैं। उनसे हमें अनुभव, संस्कार और प्रेरणा मिलती है। विद्यालय निर्देशक हर्षदीप राठी ने कहा कि सब बच्चों को दादा-दादी, नाना-नानी का सम्मान करना चाहिए। वे हमारे माता-पिता के भी माता पिता हैं और वे उनसे भी ज्यादा प्यार करते हैं। विद्यार्थियों के उत्साह वर्धन के लिए चॉकलेट वितरित की गई।

## डूसू की प्रधानी में बहादुरगढ़ के आर्यन मान होंगे एबीवीपी के प्रत्याशी

**बहादुरगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बहादुरगढ़ के आर्यन मान को दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ के चुनावों के लिए प्रधान पद का उम्मीदवार बनाया है। सिद्दीपुर लोवा गांव के आर्यन मान लोवा सत्रह खाप के प्रधान रहे स्व. श्रीचंद मान के पौत्र हैं। बता दें कि आर्यन मान पूर्व सरपंच सिकंदर मान के बेटे, लोवा सत्रह के प्रधान अशोक मान व दलबीर मान के भतीजे हैं। आर्यन ने हंसराज कॉलेज से स्नातक की है और फिलहाल दिल्ली यूनिवर्सिटी से लाईब्रेरी साइंस में एमए कर रहे हैं। एबीवीपी द्वारा प्रधान पद का प्रत्याशी बनाए जाने पर आर्यन ने कहा कि उनके साथ ही पूरा पैनल जीत हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ का चुनाव जीतने के साथ ही हर कॉलेज में मैंटल हैल्थ काउंसलर की नियुक्ति करवाई जाएगी। बता दें कि दिल्ली यूनिवर्सिटी में हरियाणा के छात्रों की संख्या भी खूब है। बहादुरगढ से भी हजारों छात्र डीयू में पढ़ाई के लिए जाते हैं। ये छात्र संघ चुनावों में भी निर्णायक भूमिका निभाते हैं। इस बार डूसू चुनाव 18 सितंबर को होंगे और 19 सितंबर को परिणाम घोषित होंगे।



### लोवा खुर्द में मकान से लाखों रुपये के आभूषण चोरी

**बहादुरगढ़।** गांव लोवा खुर्द में स्थित एक मकान में चोरी की वारदात हो गई। अज्ञात चोर मकान में घुसे और लाखों रुपये के सोने तथा चांदी के आभूषणों पर हाथ साफ कर गए।

सदर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात ऋषिपाल के मकान में हुई है। ऋषिपाल की पत्नी ममता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि बुधवार की दोपहर वह किसी काम के सिलसिले में बाहर गई थी। मकान में कोई नहीं था और ताला लगाया गया था। इसी दौरान करीब पौने तीन बजे बेटे आदित्य ने फोन करके बताया कि घर में सभी दरवाजे खुले और सामान अस्त व्यस्त है। इसके बाद मैं मौके पर आई तो तमाम कमरे खुले हुए थे। सभी कमरों में सामान बिखरा हुआ था और अलमारियां खंगाली गई थी। जांच करने पर तीन सोने की चेन, चार जोड़ी बालियां, तीन गले के हार, दो सोने के कड़े, दो अंगूठी, चांदी की तागड़ी और हार आदि नहीं मिले। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। मामले की तह तक जाने के लिए पुलिस वारदात स्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज भी चेक करेगी। जल्द ही मामले को सुलझाने की बात कही गई है।



बहादुरगढ़। शिविर में महिलाओं को जागरूक करतीं डॉ. मीनाक्षी। फोटो: हरिभूमि

## गर्भवती महिलाओं को मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**बहादुरगढ़।** गांव कसार स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में गर्भवती महिलाओं के लिए एक विशेष दंत जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. मीनाक्षी बोकन के नेतृत्व में मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गई। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान मौखिक स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार से जागरूक किया गया। शिविर में बताया गया कि खराब मौखिक स्वास्थ्य बच्चे के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। विशेष रूप से जन्म के बाद पहले 40 दिनों तक दांत ब्रश नहीं करने की प्रचलित रूढ़िगत मान्यता के दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। सासों को विशेष रूप से प्रेरित किया गया कि वे अपनी बहुओं को प्रसव के बाद ब्रश करना बंद न करने दें। शिविर में सीएचओ डॉ. सीमा, एमपीएचडब्ल्यू, बनारसी दास और कसार की आशा कार्यकर्ता सीमा, मीना, रीना और गीता ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### बाइक चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा मोटरसाइकिल चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। थाना प्रभारी दुजाना निरीक्षक राकेश ने बताया कि पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति चोरी की मोटरसाइकिल लिए हुए गांव दुजाना की तरफ से आएगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने नाकाबंदी की। इस दौरान एक मोटरसाइकिल चालक पुलिस टीम को देखकर भागने की कौशिश करने लगा। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान राजेश निवासी गांव जौंधी के तौर पर की गई है। प्राथमिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह मोटरसाइकिल उसने बस स्टैंड के नजदीक से चोरी की थी। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ नियमानुसार मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्यवाई अमल में लाई गई है।



बहादुरगढ़। कोच के साथ पदक विजेता खिलाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीते मेडल

**बहादुरगढ़।** फतेहाबाद में आठ से 10 सितंबर तक हरियाणा राज्य विद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में दरियापुर स्थित रणबीर सिंह मॉडल स्कूल के दो खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते। एनआईएस कोच विशाल चतुर्भुज ने बताया कि प्रतियोगिता में 22 जिलों के लगभग 1700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। झज्जर जिले की टीम का नेतृत्व उन्होंने किया। स्कूल में 11वीं कक्षा के छात्र युगल ने अंडर-17 आयुवर्ग में सिलवर मेडल जीता। अंडर-14 आयुवर्ग में नमन ने भी सिलवर जीता। अंडर-29 किलोग्राम में रुद्र, 27 केजी में तनुज, 68 केजी में नमन व 78 से अधिक भारवर्ग में मंयक ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। विद्यालय लौटने पर चेयरमैन होशियार सिंह गुलिया व प्रिंसिपल किरण वर्मा ने विजेता खिलाड़ियों का फूल-मालाओं से सम्मानित किया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



झज्जर। शिक्षिकाओं के साथ उपस्थित प्रतियोगिता की विजेता छात्राएं।

### टेलेंट हंट प्रतियोगिता में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**झज्जर।** महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय टेलेंट हंट कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया गया। सांस्कृतिक प्रभारी डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला और सदस्य डॉक्टर नीतू जैन ने बताया कि कार्यक्रम के प्रथम दिन पोस्टर मेकिंग, पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग तथा रंगोली प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन डॉक्टर अनु, डॉक्टर नीलम, डॉक्टर सोनिया, डॉक्टर नीतू, डॉक्टर अनुपम एवं डॉक्टर रेखा द्वारा किया गया। मंच संचालन जिमी और नितिन ने किया। उन्होंने बताया कि पेटिंग प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की मुस्कान ने प्रथम व बीए प्रथम वर्ष की लक्षिता ने द्वितीय रही। पोस्टर मेकिंग में बीए प्रथम वर्ष की राखी पहले तथा बीएससी नॉन मेडिकल प्रथम वर्ष की जिया दूसरे स्थान पर रही। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की शिक्षा ने प्रथम तथा बीकॉम प्रथम वर्ष की शानवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की मोहिनी को पहला, सपना को दूसरा तथा तनु को तीसरा स्थान मिला। सोलो डांस प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की लक्षिता ने प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की शिक्षा को द्वितीय व इशिता और भूमिका को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। ग्रुप डांस में बीकॉम प्रथम वर्ष की रिया का ग्रुप पहले तथा बीएससी प्रथम वर्ष की सरिता ग्रुप दूसरे स्थान पर रहा। हिंदी कविता वाचन में बीए प्रथम वर्ष की ऋतिका प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की शिक्षा द्वितीय तथा सलोनी ने तृतीय रही। भाषण प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की सपना प्रथम रही। गायन प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की शिक्षा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि लक्षिता द्वितीय रही।

## खंड स्तरीय युवा संसद का आयोजन

**झज्जर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ में वीरवार को बेरी की खंड स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवा संसद में बाढ़, खेल, शिक्षा और बेरोजगारी आदि ज्वलनशील मुद्दों पर बातचीत की। सत्ता विपक्ष द्वारा विभिन्न विषयों के प्रश्न पूछे गए जिनके उत्तर सत्ता पक्ष द्वारा बेहतरीन तरीके से दिए गए। प्रतियोगिता की तैयारी राजनीतिक विज्ञान की प्रवक्ता संतोष तथा हिंदी प्रवक्ता पूनम द्वारा कराई गई। निर्णायक मंडल की भूमिका में डाइट माछरौली से डॉक्टर जितेंद्र देशवाल, सुमित कटारिया व सतीश भारद्वाज शामिल रहे। विद्यार्थी योगेश, रक्षिता तथा रीतिका ने सराहनीय प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय प्रभारी राजबाला, आईओएलएम रविंद्र कौशिक, पवन कुमार अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। युवा संसद में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

## नप के मनोनीत पार्षदों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

वीरवार को नगर परिषद परिसर में सरकार द्वारा मनोनीत किए गए पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने मनोनीत पार्षदों जगदीश वर्मा, कमल गिरोत्रा व मनोज लांबा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मनोनीत पार्षदों ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व व सरकार ने जो जिम्मेवारी उन्हें सौंपी है। उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे। वहीं नप चेयरमैन जिले सिंह सैनी ने कहा कि तीन नए सदस्यों के जुड़ने से नगर परिषद का परिवार का बढ़ा है। जिसके कारण नगर परिषद परिसर में उत्सव जैसा माहौल है। उन्होंने कहा कि इससे शहर के विकास कार्यो को भी गति मिलेगी।

इस दौरान पार्षद जयपाल सिंह बांगड़, पार्षद दिनेश छिकारा, पार्षद दिनेश यादव, पार्षद प्रतिनिधि जयसिंह, पार्षद नरेश वाल्मीकि, पार्षद किशोर सैनी, पूर्व चेयरपर्सन प्रतिनिधि उमेश नंदवानी, ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एवं पूर्व पार्षद मनीष बंसल, गुलशन शर्मा सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।



झज्जर। समारोह के दौरान उपस्थित मनोनीत पार्षद, जिलाध्यक्ष, जिप चेयरमैन व नप चेयरमैन। फोटो: हरिभूमि

### पहले फोन गुम हुआ, फिर खाते से निकल गए रुपये

**बहादुरगढ़।** सीआरपीएफ से रिटायर्ड एक शख्स के खाते में शातिरों ने सेंध लगा दी। यूपीआई के जरिये उसके खाते से डेढ़ लाख से अधिक रुपये निकाल लिए। वारदात शास्त्री नगर के निवासी राजबीर सिंह के साथ हुई है। राजबीर का कहना है कि वह सीआरपीएफ से रिटायर्ड हैं। गत 21 जुलाई को उनका मोबाइल खो गया था। मोबाइल के कवर में तीन हजार रुपये भी थे। मेरा नंबर बैंक खाते से लिंक है। गत 25 जुलाई को वह अपनी पत्नी सहित रिश्तेदारी में चले गए। फोन घर पर ही था। दो दिन बाद वापस आए तो फोन में रुपये कटने के मैसेज आए हुए थे। दो दिन के अंदर छह बार अलग अलग फोन पे नंबर पर एक लाख 53 हजार रुपये भेजे गए हैं। उन्होंने तभी ऑनलाइन शिकायत दर्ज करा दी थी। उधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रुपये किन किन लोगों के पास और कैसे गए, इसकी जांच की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900